23/12/25

पाठ-17

# अहिंसा की विजय

## सुलेख

एक बार महात्मा बुद्ध की राजधानी राजगृह से चलकर श्रावस्ती पहुँचे। श्रावस्ती कोशल की राजधानी थी। वर्तमान अयोध्या के आस-पास का प्रदेश उस समय कोशल कहलाता था। वहाँ का राजा प्रसेनजित महात्मा बुद्ध का शिष्य था। श्रावस्ती पहुँचने पर महात्मा बुद्ध को बड़ा व्याकुल पाया। पूछने पर राजा ने कहा "भगवन्! अंगुलिमाल डाकू से मेरी प्रजा बड़ी त्रस्त है।

classmate

Date
Page

23/12/25

पाठ-17

# अहिंसा की विजय

## शब्दार्थ

1) वर्तमान - आजकल
2) व्याकुल - दुखी, परेशान
3) चकित - हैरान
4) विकराल - भयंकर
5) निरस्त्र - बिना हथियार के
6) राह - रास्ता
7) शिष्य - चेला
8) त्रस्त - डरा हुआ
9) क्रूरता - निर्दयता
10) दैत्य - राक्षस

classmate
Date
Page

11) त्यागना - छोड़ देना
12) कटार - तलवार

प्र० / उ०

बताइए

प्र०-1 महात्मा बुद्ध कहाँ जा पहुँचे?
उ०-1 महात्मा बुद्ध मगध की राजधानी राजगृह से चलकर श्रावस्ती पहुँचे।

प्र०-2 डाकू का नाम क्या था?
उ०-2) डाकू का नाम अँगुलिमाल था।

प्र०-3) महात्मा बुद्ध ने किसको क्या उपदेश दिया
उ०-3 महात्मा बुद्ध ने डाकू अँगुलिमाल को हिंसा का जीवन त्यागने तथा अहिंसा और शान्ति के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया

classmate
Date
Page

23/12/25

पाठ-16

उत्तर लिखिए-

प्र०-1 कौशल की राजधानी कहाँ थी? वहाँ का राजा कौन था?

उ०-1 कौशल की राजधानी श्रावस्ती थी। वहाँ का राजा प्रसेनजित था।

प्र०-2 महात्मा बुद्ध ने राजा को किस अवस्था में पाया?

उ०-2) महात्मा बुद्ध ने राजा को बहुत व्याकुल अवस्था में पाया।

प्र०-3 राजा ने अपनी क्या समस्या बताई?

उ०-3 राजा ने अपनी समस्या डाकू अँगुलिमाल का प्रजा में भय होना बताया।

classmate
Date
Page

प्र०-4 अँगुलिमाल कौन था? उसने क्या प्रतिज्ञा कर रखी थी?

उ०-4 डाकू अँगुलिमाल एक भयंकर डाकू था जिसने हजार लोगों को मारने की प्रतिज्ञा कर रखी थी।

प्र०-5 जंगल के पहरेदार ने महात्मा बुद्ध से क्या कहा?

उ०-5 जंगल के पहरेदार ने महात्मा बुद्ध से कहा कि जंगल में भयंकर डाकू अँगुलिमाल है उससे आपके प्राणों को खतरा है कृपा उधर न जाएँ।

प्र०-6 महात्मा बुद्ध के उपदेश का अँगुलिमाल पर क्या प्रभाव पड़ा?

उ०-6 महात्मा बुद्ध के उपदेश का अँगुलिमाल पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। उसने हिंसा का जीवन सदा के लिए त्याग दिया, अँगुलियों की माला तोड़ डाली और कटार दूर फेंककर महात्मा बुद्ध का शिष्य बन गया।

6. महात्मा बुद्ध के उपदेश का अँगुलिमाल पर क्या प्रभाव पड़ा?

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

• Critical Thinking Skills

1. अयोध्या के आस-पास का प्रदेश कोशल कहलाता है।
2. अँगुलिमाल का नाम सुनकर लोग काँप उठते थे।
3. अचानक महात्मा बुद्ध को किसी की कठोर और भारी आवाज़ सुनाई दी।
4. जीवन में जन्म से लेकर मरण तक दुख-ही-दुख हैं।
5. अँगुलिमाल बुद्ध का शिष्य बन गया।

**चरित्र-चित्रण–**

• Creative Writing Skills

**प्रत्येक के बारे में 3-4 वाक्य लिखिए।**

**अँगुलिमाल** –
1) अँगुलिमाल एक भयंकर डाकू था।
2) अँगुलिमाल के भय से सारी प्रजा काँप रही थी।
3) महात्मा बुद्ध के उपदेशों का अँगुलिमाल पर गहरा प्रभाव
4) अँगुलिमाल ने हिंसा का जीवन सदा के लिए त्याग दिया।

**महात्मा बुद्ध** –
1) महात्मा बुद्ध बहुत शांतिप्रिय थे।
2) महात्मा बुद्ध जंगल की ओर चलने लगे।
3) महात्मा बुद्ध ने अँगुलिमाल को शांति का उपदेश दिया।
4) अँगुलिमाल डाकू को महात्मा बुद्ध ने अहिंसा का पाठ पढ़ाया।

**प्रसेनजित**
1) राजा प्रसेनजित बहुत न्यायप्रिय थे।
2) राजा प्रसेनजित अपनी प्रजा का ध्यान रखते हैं।
3) अँगुलिमाल डाकू के भय के कारण राजा प्रसेनजित बहुत व्याकुल थे।

## बहुविकल्पी प्रश्न

- Comprehension Skills
- Critical Thinking Skills
- Decision Making Skills

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–

अँगुलिमाल बड़ा भयंकर डाकू था। उसके अत्याचारों से प्रसेनजित की प्रजा त्राहि-त्राहि कर रही थी। उसने हज़ार आदमियों की हत्या की प्रतिज्ञा कर रखी थी। परंतु वह कितने आदमियों को मार चुका है, इसका हिसाब रखना उसके लिए कठिन था। इसके लिए उसने एक युक्ति निकाली। वह जब किसी का वध करता, उसकी एक अँगुली काट लेता। इस प्रकार उसके पास अँगुलियों की एक माला-सी बनती जा रही थी, जिसे वह गले में डाले रहता। इसी कारण उसका नाम 'अँगुलिमाल' पड़ गया था।

1. अँगुलिमाल कैसा डाकू था?
   (क) भयंकर ☐ (ख) बड़ा भयंकर ☑
   (ग) अच्छा ☐ (घ) बुरा ☐

2. उसने कितने आदमियों की हत्या की प्रतिज्ञा कर रखी थी?
   (क) पाँच सौ ☐ (ख) सात सौ ☐
   (ग) हज़ार ☑ (घ) पाँच हज़ार ☐

3. वह कौन-सा अंग काट लेता था?
   (क) अँगुली ☑ (ख) हाथ ☐
   (ग) सिर ☐ (घ) पैर ☐

4. वह गले में क्या पहने रहता था?
   (क) फूलमाला ☐ (ख) अँगुलियों की माला ☑
   (ग) सिरमुंडों की माला ☐ (घ) कुछ नहीं ☐

5. अँगुलिमाल का यह नाम क्यों पड़ा?

(क) अँगुलियों की माला के कारण ☑ (ख) अँगुली काटने के कारण ☐

(ग) सिर काटने के कारण ☐ (घ) डाकू होने के कारण ☐

**बताइए किसने, किससे कहा?**

• Inference

| | कथन | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|---|
| 1. | मेरी प्रजा बड़ी त्रस्त है। | राजा प्रसेनजित ने | महात्मा बुद्ध से |
| 2. | मेरे लिए किसी प्रकार की चिंता मत करो। | महात्मा बुद्ध ने | पहरेदार से |
| 3. | मैं आपकी बात समझ नहीं सका। | डाकू अँगुलिमाल ने | महात्मा बुद्ध से |
| 4. | बोल, तू कब ठहरेगा? | महात्मा बुद्ध ने | डाकू अँगुलिमाल से |



**आपकी सोच**

• Logical Thinking Skills

क्या सत्संगति करने से बुराइयों से बचा जा सकता है?

**भाषा की बात**



• Grammatical Skills

1. **विलोम शब्द–**

कठिन – सरल मज़बूत – कमज़ोर कठोर – मुलायम

दुख – सुख जन्म – मरण सत्य – असत्य

2. **विशेषण- विशेष्य का सही मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| भयंकर | मूँछें 2 |
| बड़ी-बड़ी | आँखें 4 |
| चौड़ा | डाकू 1 |
| लाल | चेहरा 5 |
| भयानक | सीना 3 |

3. संज्ञा-भेद बताइए–

अँगुलिमाल व्यक्तिवाचक    आँखें जातिवाचक

कटार जातिवाचक    अहिंसा भाववाचक

• Creative Writing Skills

4. वाक्य बनाइए–

भय - हमें किसी से भय नहीं करना चाहिए।

प्यार - हमें सभी जीवों से प्यार करना चाहिए।

ज्ञान - गुरुजन हमें ज्ञान देते हैं।

जन्म - राकेश का जन्म दिल्ली में हुआ।

5. नए शब्द–

'प्रेमपूर्वक' शब्द 'प्रेम + पूर्वक' के मेल से बना है।

इसी प्रकार के दो और शब्द लिखिए–

आदर + पूर्वक = आदरपूर्वक    ध्यान + पूर्वक = ध्यानपूर्वक

• Creative Activity

## रचनात्मक गतिविधि

H/W

इन चित्रों में रंग भरिए–



